भोपाल छावनी डाकघर में अल्प बचत खातों में कथित गोलमाल

5052. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि मध्य प्रदेश में भोपाल में छावनी डाकघर के कर्मचारियों ने अल्प बचत खातो में बड़े पैमाने पर गोल माल किया है ;

(ख) क्या डाकघर के कर्मचारियों ने अल्प बचत खातों से स्वयं रुपया निकाल लिया है और उसे अपने उपयोग में लिया है , और

(ग) क्या इस मामले मे कोई जाच की गई है और यदि हा तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा) : (क) और (ख). छावनी बिलातियान डाकघर (भोपाल) के नायब पोस्टमाटर ने 7 बचत बैंक खातो को कुछ रकमो का गबन किया है । उन्होने इन खातो से जाल-साजी करके रकमों की निकासिया की है और जमा के लिए आई रकमे जमा ही नही की है ।

(ग) पुलिस इस मामले की तशफीश कर रही है ।

सामुदायिक श्रवण योजना के अधीन रेडियो सेट लगाना

5053. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या सामुदायिक श्रवण योजना के अधीन जो मध्य प्रदेश में वर्ष 1950 से चल रही है, स्थापित किये जाने वाले रेडियो सेटों के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा दी जा रही सहायता, अनुदान या ऋण को 1 अप्रैल, 1969 से बन्द कर दिया गया था ; और

(ख) यदि हा, तो इसके क्या कारण है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री धर्मवीर सिंह) : (क) और (ख) : सामुदायिक श्रवण सैट लगाने के लिए राज्य सरकारो को उपदान देने की भारत सरकार की योजना, जो 1954–55 म शुरू की गई थी, राष्ट्रीय विकास परिषद की समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसरण मे अप्रैल, 1969 से बन्द कर दी गई थी ?

मध्य प्रदेश में आदिवासी क्षेत्रों के लिये सामुदायिक रेडियो सेट

5054. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने आदिवासी क्षेत्रो के लिये सामुदायिक रेडियो सेट खरीदने हेतु केन्द्रीय सरकार से अनुदान की मांग की है ;

(ख) क्या राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार को खरीदे जाने वाले रेडियो सेटों की संख्या तथा उनके मूल्य के बारे में सूचित किया है ;